समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# Friday Movie Release Live – बॉलीवुड और साउथ की बड़ी टक्कर, 'सैयारा', 'निकिता रॉय' और 'तन्वी द ग्रेट' से थिएटर्स मे मंचा धमाल

Publisher

Published on 18 Jul 2025




**अहान पांडे की 'सैयारा' से रोमांस, सोनाक्षी की 'निकिता रॉय' से हॉरर, अनुपम की 'तन्वी द ग्रेट' से इमोशन – जानिए पहली झलक और बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट**

**मुंबई | 18 जुलाई 2025:**
**Friday Movie Release Live** – इस **फ्राइडे (18 जुलाई)** को थिएटर्स में एंटरटेनमेंट की तिहरी डोज़ देखने को मिल रही है। **'सैयारा', 'निकिता रॉय' और 'तन्वी द ग्रेट'** तीनों बड़े प्रोजेक्ट आज सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गए हैं। इसके साथ ही साउथ की फिल्में **'जूनियर'** और **'इक्का'** भी बड़े पर्दे पर टक्कर देती नजर आ रही हैं।

---

### ? 1. सैयारा – एक रोमांटिक धमाका, अहान पांडे की दमदार एंट्री

**डायरेक्टर :** मोहित सूरी
**स्टारकास्ट :** अहान पांडे, अनीत पांडे
**फिल्म टाइप :** रोमांस-ड्रामा

**'सैयारा'** से **अनन्या पांडे** के कज़िन **अहान पांडे** बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं और उनका डेब्यू काफी चर्चा में है। मोहित सूरी की इस फिल्म को पहले ही **संदीप रेड्डी वांगा और सलमान खान** का समर्थन मिल चुका है।

? **संदीप वांगा बोले :** “यह एक क्लासिक हिंदी लव स्टोरी है, मोहित सूरी का जादू है।”
?? **बॉक्स ऑफिस अनुमान :** पहले दिन **₹10-12 करोड़** की ओपनिंग का अनुमान।

---

### ? 2. निकिता रॉय – हॉरर मे सोनाक्षी की वापसी

**डायरेक्टर :** कुश सिन्हा (सोनाक्षी के भाई का डेब्यू)
**स्टारकास्ट :** सोनाक्षी सिन्हा, परेश रावल, अर्जुन रामपाल

हॉरर-कॉमेडी ‘**निकिता रॉय**’ में सोनाक्षी लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। ट्रेलर से ही यह फिल्म मिस्ट्री और ट्विस्ट के लिए सुर्खियों में है।
? कुश सिन्हा की बतौर डायरेक्टर यह पहली फिल्म है।

---

### ? 3. तन्वी द ग्रेट – एक इमोशनल कहानी जो दिल छू ले

**डायरेक्टर :** अनुपम खेर
**स्टारकास्ट :** शुभांगी दत्त (डेब्यू), अनुपम खेर, करण टैकर, जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी, इयान ग्लेन

**ऑटिज्म से पीड़ित लड़की की कहानी** को बेहद संवेदनशील तरीके से पेश करती है ‘तन्वी द ग्रेट’। अनुपम खेर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को **क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स** मिल रहा है। शुभांगी दत्त का अभिनय सभी को भावुक कर रहा है।

---

### ? साउथ की फिल्मे भी टक्कर मे:

#### जूनियर (तेलुगू)

**स्टारकास्ट :** कीरीति, श्रीलीला, जेनेलिया देशमुख
**डायरेक्टर :** राधाकृष्ण रेड्डी
एक्शन, रोमांस और एंटरटेनमेंट का मसाला भरपूर।

#### इक्का (कन्नड़)

**डायरेक्टर :** रोहित पडाकी
**स्टारकास्ट :** युवा राजकुमार, संपदा, संजना आनंद
क्राइम-ड्रामा शैली की यह फिल्म यंग ऑडियंस को लुभा रही है।

---

### ? सेलेब्स का सपोर्ट बना हेडलाइन :

- **सलमान खान** ने सैयारा का पोस्टर शेयर कर लिखा, “इन बच्चों को मैं बचपन से जानता हूं। टिकट बुक करिए, ये इंडस्ट्री के स्टार बनने जा रहे हैं।”
- **संदीप रेड्डी वांगा** ने ट्वीट किया – “Pure romance and soulful storytelling… Mohit is back!”

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.